शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो

# डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान

13-14, झालाना डूँगरी, जयपुर-302004 फोन : 0141-2711660, पंजीयन संख्या 290/80-81

E-mail :- dramdkr@gmail.com Website : www.dramdkrsociety.com

सोशल मीडिया से जुड़े
dr.amws
@DrAMWS2022
@bhimchannel22
डॉ. अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी

| जसवन्त सम्पतराम IPS (Retd.) | बनवारी लाल बैरवा | दयानन्द सक्करवाल | जी.एल. वर्मा |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | वरिष्ठ उपाध्यक्ष | कोषाध्यक्ष | महासचिव |
| मो. 9414308305 | मो. 9001195384 | मो. 9634418411 | मो. 9829688869 |


क्रमांक: DrAMWS/2025/GS/2265 दिनांक : 08.12.2025

## सार्वजनिक सूचना

दिनांक 07.12.2025 को डॉ अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान, 13-14 झालाना डूंगरी परिसर जयपुर में बाबा साहेब की विशाल प्रतिमा के सामने वाले बगीचे में, प्रात: 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक लगभग 250 व्यक्ति ईक्कठा हुए, जिसमें लाऊडस्पीकर पर कई व्यक्तियों के भाषण हुए, और बैठक/ सभा भी की | इस बैठक/ सभा में सोसायटी सदस्यों एवं अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के आलावा भी बहुत से व्यक्ति शामिल थे, जिनकी उपस्थिति इस प्रकार की बैठक/ सभा में विचारणीय है | इस सभा में कुछ वक्ताओं ने उत्तेजनापूर्ण एवं उकसाने वाले भाषण देकर माहौल को गरमाया और अन्य कुछ वक्ताओं ने भाषण में आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया और कुछ सोसायटी पदाधिकारीयों एवं सदस्यों को धमकाकर समाज में विघटन एवं विवाद की स्थिति पैदा की।

श्री जी एल वर्मा, महासचिव को इस बैठक/ सभा के बारे में और इतने व्यक्तियों के ईक्कठा होने के बारे में इस बैठक/ सभा के आयोजको ने कोई सूचना नहीं दी, न ही किसी अन्य माध्यम से सार्वजनिक सूचना प्रसारित थी, अत: यह एक अनाधिकृत बैठक/ सभा थी | परन्तु इस बैठक का संचालन श्री बनवारी लाल बैरवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं श्री दयानन्द सक्करवाल, कोषाध्यक्ष की अगुवाई और उपस्थिति में हो रहा था, अत: सोसायटी प्रशासन ने इस बैठक में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न नहीं किया |

सोसायटी परिसर में छात्रावास भी संचालित हो रहा है, उन्हें भी इस बैठक के बारे में कोई जानकारी नहीं थी | बैठक के दौरान नारेबाजी एवं तेज आवाज में चेतावनी वाले लहजे में भाषणों से छात्रो की पढाई में तो व्यवधान उत्पन्न हुआ और छात्रो को यह समय डर के माहोल में गुजारना पड़ा |

Glverma

शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो

# डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान

13-14, झालाना डूँगरी, जयपुर-302004 फोन : 0141-2711660, पंजीयन संख्या 290/80-81

E-mail :- dramdkr@gmail.com Website : www.dramdkrsociety.com

सोशल मीडिया से जुड़े
dr.amws
@DrAMWS2022
@bhimchannel22
डॉ. अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी

| जसवन्त सम्पतराम IPS (Retd.) | बनवारी लाल बैरवा | दयानन्द सक्करवाल | जी.एल. वर्मा |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | वरिष्ठ उपाध्यक्ष | कोषाध्यक्ष | महासचिव |
| मो. 9414308305 | मो. 9001195384 | मो. 9634418411 | मो. 9829688869 |


दिनांक 07.12.2025 को ही श्री जसवन्त सम्पतराम, अध्यक्ष डॉ अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान, जयपुर की अध्यक्षता में केन्द्रीय कार्यसमिति बैठक आयोजित होने की पूर्व में ही सार्वजनिक सूचना जारी की गई थी। सोसायटी केन्द्रीय कार्यसमिति की बैठक के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति को टालने हेतु कोरम के अभाव में, निर्धारित समय प्रातः 11 बजे ही बैठक को सायं 6 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया था | परन्तु श्री बनवारी लाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं श्री दयानन्द सक्करवाल, कोषाध्यक्ष ने काफी व्यक्तियों के साथ श्री जसवन्त सम्पतराम, अध्यक्ष के कार्यालय कक्ष, जिसमे श्री जसवन्त सम्पतराम, अध्यक्ष, केन्द्रीय कार्यसमिति के पदाधिकारी एवं सदस्य बैठे थे, में आकर केन्द्रीय कार्यसमिति बैठक नहीं करने की आदेशात्मक चेतावनी दी और सोसायटी अध्यक्ष श्री जसवन्त सम्पतराम एवं अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ के साथ वाद विवाद किया | फिर भी सोसायटी अध्यक्ष श्री जसवन्त सम्पतराम ने इस दौरान बहुत ही संयमित आचरण से सभी की बातो का जबाब दिया और टकराव की स्थिति को टाला जिसकी विडियो रिकार्डिंग भी श्री बनवारी लाल बैरवा ने करवाई |

अनाधिकृत सभा और उत्तेजनात्मक भाषणों के पश्चात् श्री बनवारी लाल बैरवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं श्री दयानंद सक्करवाल, कोषाध्यक्ष की अगुवाई में काफ़ी व्यक्ति परिसर स्थित माता रमाबाई कांफ्रेंस हॉल पहुंचे जहां चुनाव अधिकारी श्री छगन बेनीवाल का चुनाव कार्यालय है। वहां पर चुनाव कार्यालय के कांच का मुख्य दरवाजा जो कि बंद था, उसको बलपूर्वक ताला तोड़ते हुए खोला और अब दरवाजा ताला लगने लायक भी नहीं रहा। इसके पश्चात् चुनाव कार्यालय के लकड़ी के मुख्य दरवाजे को श्री बनवारी लाल बैरवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री दयानंद सक्करवाल, कोषाध्यक्ष एवं अन्य व्यक्तियों ने लोहे की चैन से बांध कर एक और ताला लगा दिया, जबकि चुनाव अधिकारी का ताला पहले से ही लगा हुआ था।

इस संबंध में काफ़ी विडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहें हैं और कुछ इस सूचना के साथ भी संलग्न है।

श्री छगन बेनीवाल, चुनाव अधिकारी ने इस संदर्भ में अलग से पत्र जारी कर चुनाव में कुछ व्यक्तियों द्वारा पैदा की जा रही बाधाओं से सोसायटी सदस्यों को सार्वजनिक रूप से अवगत करवाया है। बड़े आश्चर्य की बात है कि, पूरे घटनाक्रम के 24 घंटे पश्चात् भी श्री बनवारी लाल बैरवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री दयानंद सक्करवाल, कोषाध्यक्ष एवं सभा के अन्य आयोजकों एवं सभा में शामिल व्यक्तियों ने पूरी घटना पर कोई अधिकारिक टिप्पणी जारी नहीं की है।

सोसायटी प्रशासन ने पूरे दिन बहुत ही संयम और समझदारी दिखाते हुए टकराव की स्थिति को टाला और आशा की जाती है कि भविष्य में सोसायटी परिसर में श्री बनवारी लाल बैरवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री दयानंद सक्करवाल, कोषाध्यक्ष एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा इस प्रकार के हालात पैदा नहीं किए जाएंगे।

अतः सम्पूर्ण घटनाक्रम से सोसायटी के सभी पदाधिकारीयों एवं सदस्यों और अन्य संबंधित को सार्वजनिक हित में इस पत्र के माध्यम से अवगत करवाया जाता है।

(जी एल वर्मा)
महासचिव
9829688869

प्रति सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:

1. रजिस्ट्रार संस्थाएं, टोंक रोड, जयपुर
2. **श्री छगन बेनीवाल**, आईएएस (सेनि), सोसायटी चुनाव अधिकारी, जयपुर।
3. समस्त सोसायटी पदाधिकारी एवं सदस्य (सोशल मीडिया, वेबसाइट एवं सूचना पट्ट द्वारा) |

महासचिव